BR>**Title:** Raised a privilege motion for misleading the House by the Human Resource Development Minister regarding the strike by the students of Aligarh Muslim University.

श्री राम विलास पासवान : अध्यक्ष जी, मैं दूसरे प्रिवलेज मोशन का सवाल उठा रहा हूं। मैंने मानव संसाधन विकास मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश करने की अनुमति हेतु आपको नोटिस दिया है। आपको मालूम है कि उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संबंध में कहा कि हड़ताल समाप्त हो गई है। लड़के वापस जा रहे हैं और जो विद्यार्थी अनशन पर बैठे हुए थे वे सब लोग अपने-अपने घर चले गए हैं। मैंने आपसे भी आपके चैम्बर में मुलाकात की और आपने भी एसरटेन किया। महोदय, आज १६वां दिन चल रहा है, फोर्सड फीडिंग हो रहा है। आज से चार दिन पहले एक लड़का और एक लड़की, दोनों यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट अनशन पर बैठे हुए हैं और हालत बहुत गंभीर है। मैं पिछले १० दिन से लगातार इस सवाल को उठा रहा हूं। इसलिए मैं आपसे जानना चाहता हूं कि जो प्रिवलेज मोशन मैंने दिया है, उसका क्या हुआ?

अध्यक्ष महोदय : पासवान जी, आपका नोटिस भी मेरे एक्टिव कंसीडरेशन में है।

श्री राम विलास पासवान : धन्यवाद अध्यक्ष महोदय।

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी (दरभंगा): आप मुझे एक मिनट बोलने दीजिए। ... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: No more clarifications. Please take your seat.
... (Interruptions)
MR. SPEAKER: Nothing will go on record, except Dr. Jakhar's submission.
(Interruptions) *

---

* Not Recorded.

MR. SPEAKER: No, please. Not now. Please take your seat. I am appealing to you, please take your seat.

श्री बलराम जाखड़ (बीकानेर): अध्यक्ष महोदय, कुछ दिन पहले कालिंग अटैंशन ... (व्यवधान)

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी : अध्यक्ष जी, एक मिनट बोलने दीजिए।

... (व्यवधान)

मैं सिर्फ समर्थन कर रहा हूं।

... (व्यवधान)

आप सिर्फ मेरा समर्थन नोट करवा लीजिए।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : हमने नोट कर लिया है।